# बजट सत्र में 62 घंटे चला सदन का कामकाज

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 27 फरवरी, विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कुल 62 घंटे कामकाज चला. सचिवालय को कुल 3478 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 1750 तारांकित एवं 1728 अतारांकित प्रश्न शामिल थे. ध्यानाकर्षण की 902 सूचनाएं प्राप्त हुईं, शून्यकाल की 337 सूचनाएं तथा 771 याचिकाएं प्राप्त हुईं.**

इसके अलावा एक शासकीय विधेयक तथा 6 अशासकीय एवं एक संविहित संकल्प पारित किए गए. समितियों के प्रतिवेदन भी सदन के पटल पर प्रस्तुत किए गए. साथ ही सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के संबंध में महत्वपूर्ण वक्तव्य सदन में प्रस्तुत किया गया. राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर 9 घंटे 5 मिनट तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा 1 घंटा 44 मिनट तक चली. भोजनावकाश स्थगित कर सदन की बैठक अवधि में वृद्धि करते हुए अनुदान की मांगों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चाएं सम्पन्न हुईं. सदन की कुल कार्यवाही लगभग 62 घंटे तक चली.

### मतभेदों के बावजूद मनभेद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई : विस अध्यक्ष

बजट सत्र को स्थगित किए जाने से पहले अपने औपचारिक संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में सहमति-असहमति, स्वाभाविक हैं. मतभेद लोकतंत्र की एक शक्ति हैं, परंतु मतभेदों के बावजूद मनभेद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई. सत्र के दौरान अनेक विषयों पर गहन एवं कभी-कभी तीव्र बहस भी हुई. किंतु अंततः सभी कार्य लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुए.

इधर, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हमारा मप्र उन प्रदेशों में है, जिनकी विधानसभाओं की अपनी गरिमा एवं परम्परा हमेशा बहुत उच्चकोटि की रही है. जिसकी चर्चा सारे देश में की जाती है. उन्होंने कहा वे सभी कर्मचारी, सुदूर में बैठे चपरासी से लेकर प्रमुख सचिव से लेकर हमारे सभी अधिकारी व कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी ये सब बधाई के पात्र हैं. क्योंकि जब विधानसभा चलती है तो इन सबकी भूमिका बहुत अच्छी रहती है और मैं एक बात यह कहूंगा, मैं शुरू से इस बात को महसूस करता हूं कि जितना अच्छा आपका सचिवालय है, यदि उतना अच्छा सरकार का सचिवालय हो जाए तो पता नहीं , यह प्रदेश किस ऊंचाई तक पहुंच जाए. मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि विधानसभा का सचिवालय बहुत अच्छे तरीके से काम करता है.

### दो अशासकीय संकल्प पारित

**भोपाल.** विधानसभा में शुक्रवार को दो अशासकीय संकल्प पेश किए गए. पहला संकल्प घनश्याम चन्द्रवंशी ने पेश किया, उन्होंने कालापीपल रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना से जोड़कर विकास एवं सौंदर्यीकरण करते हुए प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने संबंधी, वहीं हेमंत कटारे ने ग्वालियर-भिंड-इटावा नेशनल हाईवे क्रमांक 719 को सिक्स लेन एवं हाईवे पर स्थित चंबल नदी के क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य पूण कराकर आवागमन प्रारंभ करने संबंधी अशासकीय संकल्प पेश किया. इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दोनों ही अशासकीय संकल्प पर सहमति जताते हुए कहा कि दोनों ही अशासकीय संकल्प को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा.

## तेल से भरे टैंकर में लगी आग, जनहानि नहीं

**रतलाम.** जिले के सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सरवन और सैलाना के बीच घाट पर रिफाइंड तेल से भरे एक टैंकर में अचानक आग लग गई. समय रहते पुलिस जवानों और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार यह टैंकर अहमदाबाद से रिफाइंड तेल भरकर रतलाम की ओर आ रहा था.

घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को रात 12:25 बजे मिली. सूचना मिलते ही सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर रवाना किया गया. तथा दमकल विभाग को भी अलर्ट किया गया. मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने दमकल कर्मियों की टीम के साथ मिलकर आग पर नियंत्रण पाया और फैलने से रोक लिया गया.

# मध्यप्रदेश में फरवरी में ही अप्रैल जैसी गर्मी



**भोपाल,27 फ़रवरी. मध्य प्रदेश में फरवरी के आखिरी सप्ताह में मौसम ने यू-टर्न ले लिया है. हाल ही में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के दौर के बाद अब प्रदेश के कई हिस्सों में अप्रैल जैसी गर्मी महसूस की जा रही है.**

खंडवा और खरगोन में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि भोपाल में 32 डिग्री, इंदौर में 33.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 33 डिग्री और जबलपुर में 31.9 डिग्री दर्ज किया गया. प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री से ऊपर बना हुआ है. हालांकि दिन में तेज धूप और गर्मी का असर है, लेकिन रात के तापमान में अभी भी ठंडक बनी हुई है. कटनी के करौंदी में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री और शहडोल के कल्याणपुर में 9.4 डिग्री दर्ज किया गया. पचमढ़ी में रात का तापमान 9.8 डिग्री रहा. भोपाल में 15 डिग्री, इंदौर में 14.6 डिग्री और ग्वालियर-उज्जैन में 14.5 डिग्री तापमान दर्ज हुआ. धार में रात सबसे गर्म रही, जहां पारा 17.7 डिग्री तक पहुंचा.

# नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहा बेहतर कार्य

▶ भोपाल में हुई क्लाइमेट पार्लियामेंट की गोलमेज बैठक

**भोपाल, 27 फरवरी. नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने क्लाइमेट पार्लियामेंट (नेटवर्क मध्यप्रदेश) की राउंड टेबल मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि क्लाइमेट पार्लियामेंट द्वारा प्रत्येक विधानसभा स्तर पर नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये की जा रही पहल के निःसंदेह सकारात्मक परिणाम आएंगे.

विधायक एवं संयोजक क्लाइमेट पार्लियामेंट (नेटवर्क मध्यप्रदेश) ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि राज्य एवं देश के जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति, ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और स्थानीय स्तर पर स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सामुदायिक ग्रीन एनर्जी जोन की अवधारणा विकसित की गई है. प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में समुदाय-आधारित,विकेन्द्रीकृत एवं सतत ऊर्जा समाधानों को लागू करना है, जिससे स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ, रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और हरित, आत्मनिर्भर एवं जलवायु-उत्तरदायी क्षेत्रों का विकास हो.

अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर आगे बढ़कर उल्लेखनीय कार्य कर रही है, जो कि देश में अग्रणी हैं.

एमडी ऊर्जा विकास निगम अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि प्रदेश में रीवा, मुरैना, नीमच, ओंकारेश्वर जैसे स्थानों पर विश्व स्तरीय परियोजनाएं स्थापित की गई है. क्लाइमेट पार्लियामेंट में विधायक गौरव सिंह पारधी, योगेश पंडाग्रे, नीरज ठाकुर, चंद्रशेखर देशमुख, दिनेश जैन बोस, डॉ. हीरालाल अलावा, कामाख्या प्रताप सिंह और गंगा सज्जन सिंह उइके ने सहभागिता की.

# मेडिकल कॉलेज में हो नशा मुक्ति ट्रीटमेंट फैसिलिटी : हाईकोर्ट

**जबलपुर. 27 फरवरी. सम्पति संबंधित विवाद के कारण पिता को पुत्र द्वारा नशा मुक्ति केंद्र में बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.**

हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने बंधक पिता को पेश करते हुए उसकी मेडिकल रिपोर्ट पेश की. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बंधक कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित है. युगलपीठ ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज में स्थित नशा मुक्ति मेडिकल ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर में रखकर उपचार के आदेश जारी किये है.

जबलपुर निवासी अक्षय चौधरी की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि दुर्गेश पटेल के पास काम करता है. उनके पुत्र रूपेश पटेल ने पिता दुर्गेश पटेल को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में बंधक बनाकर रखा है. हाईकोर्ट के आदेश पर विगत 26 फरवरी को तिलवारा पुलिस ने वृध्द को हाईकोर्ट में पेश किया था.


## नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम सभी कागजात में MEHBOOB KHAN था अब मेरा नाम MEHBUB KHA S/O IMAM KHA (जन्मतिथि- 11-9-1948) एवं मेरी पत्नी का नाम RASEEBAN BEE है यही नाम मेरे पासपोर्ट में दर्ज किया जाए एवं भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए पता - ग्राम फतेहपुर डोबरा रातीबड भोपाल म.प्र. 462044

## आवश्यकता

आवश्यकता: मिठाई फैक्ट्री हेल्पर (उडुपी, कर्नाटक) योग्यता: पुरुष हेल्पर (25 वर्ष से कम) सुविधाएं: रहना + खाना बिल्कुल मुफ्त वेतन: आकर्षक और समय पर संपर्क करें: 9740455870

## NAME CHANGE

I, S M Haseeb Ullah hereby declare that my name is incorrectly published in some of my documents as S M Hasib Ullah & Mohammed Hasib Ullah whereas my correct name is S M Haseeb Ullah residence of H.No. 30, Above Lodhi Medical Store, Civil Lines, Shyamla Hills, Bhopal, Madhya Pradesh – 462002 as per affidavit No CA 044910 dated 26 Feb 2026.

## नाम परिवर्तन

मैं हवलदार सत्येन्द्र सिंह 2 ई डब्लू ई.एम.ई बटालियन C/O 56 एफ. पी0 ओ0 द्वारा उद्घोषित करता हू कि मेरी पुत्री का नाम स्वेता कुमारी (SHWETA KUMARI) से श्वेता कुमारी (SWETA KUMARI) के नाम से जाना जाए। उपरोक्त के संबंध में मेरे द्वारा शपथ पत्र दिनांक 25/02/2026 को भोपाल कोर्ट में प्रस्तुत कर चुका हू।

## कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल (यांत्रिकी शाखा) जोन क्र .12

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 102/यां.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 27/2/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_476482_3 | repairingandmaintenanceworkofexisting trenches,potholes and restoration nearby icicibankmpnagarzonel ward43zone12 | 166602/- | 03 MARCH 2026 | 5:30 PM |
| 2. | 2026_UAD_485517_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD RENEWEL OFC.C ROAD FROM AHMAD JI HOUSE TO SHEHZAD MOHD. NEW SUBHASH NAGAR, MUKADDAS NAGAR, WARD 43, ZONE 12 | 269376/- | 12 MARCH 2026 | 5:30 PM |
| 3. | 2026_UAD_485528_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN AND CC WORK NEAR HANUMAN MANDIR ASHOK NAGAR WARD 43 ZONE 12 | 735078/- | 12 MARCH 2026 | 5:30 PM |
| 4. | 2026_UAD_485542_1 | REPAIRING AND MAINTENANCE WORK OF EXISTING TRENCHES,POTHOLES AND RESTORATION WORK IN MP NAGAR ZONE 1 WARD 43 ZONE 12 | 644626/- | 12 MARCH 2026 | 5:30 PM |
| 5. | 2026_UAD_485550_1 | CONSTRUCTION OF RCC COVERD DRAIN AND P/F CHEMBERS NEAR ABRAR QURESHI HOUSE MOMIN PURA WARD 43 ZONE 12 | 1154965/- | 25 MARCH 2026 | 5:30 PM |

नोट:- संशोधन वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

नि.क्र. 3238/025/026


# अमेरिका से ट्रेड डील में किसानों के हित सुरक्षित : शिवराज सिंह



▶ केन्द्रीय कृषि मंत्री ने ग्वालियर में कहा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर. 27 फरवरी. ग्वालियर प्रवास पर आए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला बोला. अमेरिका से ट्रेड डील को कथित किसान विरोधी बताकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवराज सिंह ने कांग्रेस की निन्दा की.**

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस कह रही है, जो देश के लिए कुछ नहीं कर पाई है. वह सिर्फ विलाप कर रहे हैं, सच यह है कि भारत के सभी हित सुरक्षित है. किसानों के हित सुरक्षित है. यह बात एक कृषि मंत्री भी कह रहा है एक किसान भी कह रहा है, इसलिए मेरे किसान भाई निश्चिंत रहें. शिवराज सिंह दिल्ली से विमान से ग्वालियर पहुंचे. राजमाता एयर टर्मिनल पर केन्द्रीय कृषि मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. केन्द्रीय मंत्री चौहान ने महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया.

## बस अनियंत्रित होकर खेत में घुसी, 14 लोग घायल

**बड़वानी.** जिले के राजपुर में खंडवा-वडोदरा राजमार्ग पर शुक्रवार को एक निजी यात्री बस के अनियंत्रित होकर खेत में घुस जाने से 14 यात्री घायल हो गए. बस खंडवा से बड़वानी की ओर जा रही थी. प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी के कारण चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोने की आशंका जताई गई है. हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचाया गया. चिकित्सकों के मुताबिक फ्रैक्चर की आशंका के चलते नौ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया. है, जबकि अन्य को सामान्य चोटें आई हैं. बस में करीब 35 यात्री सवार थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर बस को जब्त कर लिया है.


## BOARD OF SECONDARY EDUCATION MADHYA PRADESH, BHOPAL

No./718/Confidential/2026 — Bhopal, Date : 27.02.2026

### NOTICE INVITING TENDERS

Tenders are invited for Development and Implementation of a Mobile Application and Web-Based Administrative Portal for Evaluation of Board Examinations.
Tender document is available on **https://mptenders.gov.in.**
Key dates and time are :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender document available on Portal | 27.02.2026 at 05:30 PM |
| 2. | Tender download Start and Submission start | 28.02.2026 from 05:30 PM onwards |
| 3. | Last-date for Tender download | 06.03.2026 till 03:00 PM |
| 4. | Technical Bid opening | 07.03.2026 at 4:00 PM |
| 5. | Commercial Bid download | To be communicated to the shortlisted bidders |

M.P. Madhyam/124683/2026 — SECRETARY

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल म .प्र .

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 27/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 11/2/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | ईएमडी राशि एवं टेंडर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB_481748_1 | भोपाल | पुल कार्य | भोपाल शहर के आशिमा मॉल चौराहे से अपोलो सेज हॉस्पिटल (बावड़िया कलां चौराहा) तक रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य. ई.पी.सी. मोड पर | द्वितीय | 4946.11 | केवल ऑनलाइन |
| | | | | **कुल योग** | | **4946.11** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 23/3/2026 (17.30 बजे) निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा.

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल

G26352/25


# बीआईआरटी में हुआ जॉब अचीवर्स प्रोग्राम



**भोपाल, 27 फरवरी. बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (बीआईआरटी )में विद्यार्थियों को करियर के बेहतर अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से एमपीऑनलाइन लिमिटेड के सहयोग से 'इंटर्नशिप अवेयरनेस सेशन एवं जॉब अचीवर्स प्रोग्राम' का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में एमपीऑनलाइन लिमिटेड से पधारे विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एमपी ऑनलाइन के लाइव गवर्नमेंट प्रोग्राम्स, विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रोजेक्ट्स तथा राज्य स्तर पर संचालित सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी. मुख्य वक्ता एसोसिएट कंसल्टेंट आयुष तिवारी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अवसरों को पहचानना और उन्हें सही दिशा में उपयोग करना भी उतना ही आवश्यक है. एमपीऑनलाइन लिमिटेड के मार्केटिंग हेड अनीश कुमार ने डिजिटल स्किल्स, डेटा-आधारित सोच और बदलते तकनीकी वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला.

इस अवसर पर भोपाल कियोस्क मैनेजमेंट के जिला प्रबंधक देवांश दुबे एवं जोनल मैनेजर संजीव सक्सेना की उपस्थिति भी रही. कार्यक्रम में बीजीआई समूह के संयुक्त सचिव डॉ. संजय जैन एवं बीआईआरटी के निदेशक डॉ. वी. के. द्विवेदी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ.


## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एस.ई.सी.एल./सो.क्षे./उ.क्षे.प्र./खैरहा/2026/557 — दिनांक 04.02.2026

### सूचना

एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत खैरहा भूमिगत खदान हेतु ग्राम **खैरहा**, तहसील बुढार, जिला शहडोल की अर्जित निजी भूमि के अंतर्गत अधोलिखित दर्शाए गए भूमि स्वामियों के नाम, भूमि आश्रितों के विभिन्न दस्तावेजों के अनुसार नाम का विवरण निम्नानुसार हैं –

| भूमि स्वामी क्र. | धारा 9 (1) अधिसूचना वर्ष 2016-17 का खसरा क्रमांक | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | धारा 9 (1) अधिसूचना के समय वर्ष 2016-17 के खसरे के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | अवार्ड का मुआवजा पत्रक 1(A) क्रमांक | खसरा नंबर | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरों का कुल रकवा (हे.) | कुल अर्जित रकवा (हे.) | मुआवजा पत्रक 1(A) के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | मुआवजा भुगतान के समय के वर्ष के खसरे के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करते समय के वर्ष के खसरे के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित भूमि आश्रित का नाम, भूमि स्वामी से संबंध और जाति | आधार कार्ड में नाम | रोजगार पंजीयन में नाम | राशन कार्ड में नाम | निवास प्रमाण पत्र में नाम | जाति प्रमाण पत्र में नाम | शिक्षा प्रमाण पत्र में नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 68 | 0.713 | 0.713 | हनुमान प्रसाद पिता राधे लाल | 178 | 68 | 0.713 | 0.713 | 2.336 | 1.251 | रामकली बेवा हनुमान प्रसाद, राजकुमार पिता हनुमान प्रसाद, रजनी कचेर पिता हनुमान प्रसाद | रामकली बेवा हनुमान प्रसाद, राजकुमर पिता हनुमान प्रसाद, रजनी कचेर पिता हनुमान प्रसाद (फौती नामांतरण प्र.क्र. - 0197/अ-6/2021-22 आदेश दिनांक 30/11/2021 के अनुसार) | राजकुमार पिता हनुमान प्रसाद, रजनी कचेर पिता हनुमान प्रसाद (नाम विलौपित प्र.क्र. 353/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक - 21/03/2025 के अनुसार) | आयुष कुमार वर्मा पिता राज कुमार (संबंध – पोता) जाति – कचेर वर्ग – अ.पि.व. | आयुष कुमार वर्मा पिता राजकुमार वर्मा | Ayush Kumar Verma | आयुष कुमार वर्मा पिता राज कुमार वर्मा | आयुष कुमार वर्मा पिता राज कुमार वर्मा | AYUSH KUMAR VERMA S/o RAJ KUMAR VERMA | AYUSH KUMAR VERMA S/o RAJ KUMAR |
| | 193(P) | 0.291 | 0.026 | | | 193(P) | 0.291 | 0.026 | | | | | | | | | | | | |
| | 195(P) | 0.729 | 0.267 | | | 195(P) | 0.729 | 0.267 | | | | | | | | | | | | |
| | 198(P) | 0.603 | 0.245 | | | 198(P) | 0.603 | 0.245 | | | | | | | | | | | | |
| 2 | 192 | 0.409 | 0.409 | रामकली पति हनुमान | 177 | 192 | 0.409 | 0.409 | 0.409 | 0.409 | रामकली पति हनुमान | रामकली पति हनुमान | राजकुमार वर्मा माता रामकली, रजनी कचेर माता रामकली (फौती नामांतरण प्र.क्र.-0010/अ-6/2025-26 आदेश दिनांक - 24/04/2025 के अनुसार) | जीतेन्द्र तोमर माता रजनी कचेर पिता राधेश्याम तोमर (संबंध – नाती) जाति – कचेर वर्ग – अ.पि.व. | जीतेन्द्र तोमर पिता राधेश्याम तोमर | Jitendra Tomar | जीतेन्द्र तोमर पिता राधे श्याम | जीतेन्द्र तोमर पिता राधेश्याम तोमर | जीतेन्द्र तोमर पुत्र राधेश्याम तोमर | - |
| कुल किता 5 | | 2.745 | 1.660 | | कुल किता 5 | | 2.745 | 1.660 | 2.745 | 1.660 | | | | | | | | | | |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के नाम में विविधता/भू अभिलेख में विविधता एवं रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्रा–खैरहा उपक्षेत्र/महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र के कार्यालय में लिखित रुप में आपत्ति दर्ज कराएं अन्यथा उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही अग्रेषित कर दी जाएगी।

उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्रा खैरहा उपक्षेत्र